## खबर संक्षेप

### बेघर लोगों को ठंड से बचाने के लिए डूसिब ने लगाए गए 190 तंबू

**नई दिल्ली।** दिल्ली के तापमान में गिरावट और शीतलहर के प्रकोप के बीच दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डूसिब) ने रात में बेघरों को ठहराने और उन्हें ठंड से बचाने के लिए पूरी दिल्ली में रैन बसेरों के तौर पर 190 तंबू लगाए हैं। डूसिब सदस्य बिपिन राय ने यह जानकारी दी है। डीयूएसआईबी के सदस्य विशेषज्ञ बिपिन राय ने बताया कि इन तंबुओं में लगभग 8,000 लोग रह सकते हैं। इसके अलावा लगभग 60 तंबू तैयार रखे गए हैं और आवश्यकता के अनुसार इनका उपयोग किया जाएगा। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार दिल्ली में सोमवार को इस महीने का अब तक का सबसे ठंडा दिन दर्ज किया गया जिसमें न्यूनतम तापमान घटकर 5.3 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। यह इस मौसम के औसत तापमान से दो डिग्री कम है और हिल स्टेशन नैनीताल के सामान है। उन्होंने कहा कि हमने अब तक 190 विशेष तंबू लगाए हैं और 60 तंबू तैयार रखे गए हैं। हम आम तौर पर 350 तंबू तैयार रखते हैं और आवश्यकता के अनुसार उन्हें स्थापित करते हैं।

### राजधानी में आज बूंदाबांदी की संभावना, ठंड से नहीं मिली राहत

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग की भविष्यवाणी के बाद दिल्ली में बारिश की संभावनाएं लिए बादल तो छाए रहे लेकिन बिन बरसे ही आगे बढ़ गए। अब अनुमान है कि बुधवार को दिल्ली एनसीआर के क्षेत्रों में हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। वहीं दूसरी तरफ कड़ाके की ठंड से दिल्ली वालों को अभी कोई राहत मिलती नजर नहीं आ रही। प्रादेशिक मौसम विज्ञान विभाग दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार मंगलवार को दिल्ली में न्यूनतम तापमान 7.9 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से एक डिग्री ज्यादा है। लेकिन दिन में अधिकतम तापमान 13.4 डिग्री सेल्सियस वाला रहा, जो इस मौसम के सामान्य से 6 डिग्री ज्यादा है। आईएमडी के अनुसार, दिल्ली में सोमवार को इस महीने का अब तक का सबसे ठंडा दिन दर्ज किया गया, जिसमें न्यूनतम तापमान घटकर 5.3 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया था। यह इस मौसम के औसत तापमान से दो डिग्री कम है और हिल स्टेशन नैनीताल के सामान है।

### ठंड में राशन दुकानें समय से खोली और बंद की जाएं : इमरान

**नई दिल्ली।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए सभी राशन दुकानें समय से खोलना और बंद करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने खाद्य आपूर्ति आयुक्त को सभी राशन दुकानों को को समय पर खोलने और बंद करने का निर्देश दिया। यानी सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक और 3 बजे से शाम 7 बजे तक रोजाना विभाग के आदेशों के अनुसार साप्ताहिक अवकाश को छोड़कर राशन की दुकाने खुलेंगी। बता दें कि मंगलवार को सार्वजनिक वितरण प्रणाली को मजबूत और पारदर्शिता बनाने के उद्देश्य से दिल्ली के खाद्य-आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन ने कमिश्नर (खाद्य-आपूर्ति) व विशेष आयुक्त (खाद्य-आपूर्ति) के साथ बैठक की।

## सोनीपत के कुंडली इलाके में ट्रक में घुसी कार

# दिल्ली पुलिस के दो इंस्पेक्टरों की सड़क हादसे में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली



नॉर्थ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट में तैनात दिल्ली पुलिस के दो इंस्पेक्टरों की कुंडली, सोनीपत में सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों के नाम दिनेश बेनीवाल और रणवीर चहल बताये गये हैं। उनकी कार एक ट्रक से टकराई। कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त होने के कारण दोनों इंस्पेक्टर काफी देर तक अंदर ही फंसे रहे।

बाद में उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। हादसे का कारण ट्रक चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगाना बताया जा रहा है। कुंडली पुलिस मामले की जांच कर रही है। इंस्पेक्टर दिनेश बेनीवाल स्पेशल स्टाफ और रणवीर चहल आदर्श नगर थाने में एटीओ पद पर कार्यरत थे। सोमवार देर रात यह हादसा तब हुआ जब दोनों इंस्पेक्टर कार से सोनीपत जा रहे थे। इंस्पेक्टर रणवीर सिंह चहल के रिश्तेदार पश्चिम विहार निवासी रामकुमार के बयान पर पुलिस ट्रक चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश रही है। पुलिस के मुताबिक इस हादसे के समय हरियाणा नंबर की कार इंस्पेक्टर दिनेश बेनीवाल चला रहे थे। रात करीब साढ़े 11 बजे कुण्डली इलाके में प्याऊ मनियारी के पास आगे चल रहे ट्रक चालक ने अचानक से ब्रेक लगा दिया, जिस वजह से पुलिसकर्मियों की कार ट्रक के अंदर जा घुसी। हादसे की एक वजह रात में छाया कोहरा भी माना जा रहा है। हादसे की सूचना मिलने पर कुंडली थाने का स्टाफ मौके पर पहुंचा, जिसके बाद दोनों पुलिसकर्मियों को गंभीर हालत में नजदीकी अस्पताल ले जाया गया था। इस हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस यूपी नंबर का ट्रक जब्त कर फरार चालक का पता लगाने का प्रयास कर रही है। पोस्टमार्टम कराने के बाद दोनों इंस्पेक्टरों के शव परिजनों के हवाले कर दिए गये। क्षतिग्रस्त कार की हालत देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि हादसा कितना जबरदस्त था।

पूरी कार के परखच्चे इस हादसे में उड़ गये। मृतक रणवीर चहल जींद के नरवाना और दिनेश बेनीवाल झज्जर जिले के दादनपुर गांव के रहने वाले थे। परिवार के साथ बहादुरगढ़ में रहते थे। पत्नी पेशे से टीचर है। रणवीर हैदरपुर सरकारी क्वार्टर में रहते थे।

### दोनों इंस्पेक्टर के प्रोफाइल

इंस्पेक्टर रणवीर सिंह स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद वर्ष 2008 में बतौर सब इंस्पेक्टर दिल्ली पुलिस में भर्ती हुए थे। इस दौरान वह यातायात पुलिस, सुरक्षा और उत्तर पश्चिम जिले में तैनात रहे। पुलिसिंग में असाधारण काम के लिए उन्हें सम्मानित भी किया जा चुका था। वहीं इंस्पेक्टर दिनेश बेनीवाल ने जाट हीरोज मेमोरियल स्कूल, रोहतक से 12वीं कक्षा उत्तीर्ण की। इसके बाद उन्होंने बीएससी में प्रवेश लिया और पढ़ाई के दौरान उन्होंने वर्ष 2007 में दिल्ली पुलिस में कांस्टेबल पद के लिए परीक्षा पास की। साल 2008 में स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने दिल्ली पुलिस सब इंस्पेक्टर की परीक्षा पास की और 2009 में दिल्ली पुलिस में सब इंस्पेक्टर के रूप में शामिल हुए। वर्तमान में वह इंस्पेक्टर के पद पर तैनात थे। उनके छोटे भाई भी सीआईएसएफ में इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत हैं।

## इंस्पेक्टर दिनेश बेनीवाल ने कई खूंखार अपराधियों को धकेला था सलाखों के पीछे

निर्देश तोमर ▶▶नई दिल्ली

कुंडली में सड़क हादसे में जान गंवाने वाले इंस्पेक्टर दिनेश बेनीवाल एक बहादुर पुलिसकर्मी थे। उन्होंने कई खूंखार बदमाशों को सलाखों के पीछे धकेला था। इनमें चाहे राजस्थान के पांचाल गोगा गैंग का इनामी बदमाश जोगिन्द्र उर्फ जोगा हो या यूपी का कुख्यात कार जैकर रिंकु ठुकराल। इसके अलावा चोरी के वाहनों को ढूंढने में भी उन्हें महारथ हासिल थी। इंस्पेक्टर दिनेश के जानकारों के अनुसार गत वर्ष 10 सितंबर को इंस्पेक्टर दिनेश बेनीवाल को सूचना मिली कि लक्ष्मीबाई कॉलेज के पास एक ब्रेजा कार लावारिस हालत में खड़ी हुई है। इंस्पेक्टर दिनेश अपनी टीम के साथ वहां पहुंचे। कार के नंबर की जांच की तो वह करोल बाग से चोरी की पाई गई। इंस्पेक्टर दिनेश चाहते तो कार को उसी समय कब्जे में ले सकते थे लेकिन उन्होंने एक रणनीति बनाई। उन्होंने चोर का इंतजार शुरू कर दिया। कुछ समय बाद वहां एक बलेनो कार पहुंची। उसमें दो लोग सवार थे। इंस्पेक्टर दिनेश समझ गये कि यहीं चोर है। कार से एक शख्स निकलकर ब्रेजा कार में बैठ गया।



उन्होंने अपनी टीम को इशारा किया और ब्रेजा कार की तरफ बढ़ने लगे। वह खुद बलेनो कार सवार को पकड़ने लगे। लेकिन बलेनो कार सवार ने गाड़ी दौड़ा दी। चालक ने कार से दिनेश को कुचलने का प्रयास किया। लेकिन इंस्पेक्टर दिनेश ने कार के बोनट पर हाथ रखकर छलांग लगाकर अपनी जान बचाई। इस दौरान उनको चोट भी लग गई थी। इसके बावजूद भी उन्होंने टीम के साथ बलेनो गाड़ी का पीछा किया। इसी बीच बदमाश ने पिस्टल निकालकर उनकी तरफ तान दी। उन्होंने भी कार्रवाई करते हुये एक राउंड गोली चलाई जोकि बदमाश के जबड़े में लगी। इसके बाद उसे काबू कर लिया गया। कार चोर की पहचान रिंकु ठुकराल उर्फ राहुल उर्फ नितिन भाटिया के रूप में हुई। वह यूपी में 20 से अधिक वारदातों में शामिल पाया गया। वह अपने साथियों के साथ मिलकर सुबह के समय गाड़ियों की चोरी करता था। बाद में उनके नकली कागज तैयार कर उन्हें दूसरे राज्यों में बेच देता था। इसी प्रकार कीर्ति नगर थाने में पोस्टिंग के दौरान 70 से ज्यादा चोरी हुये वाहनों को राजस्थान से ढूंढ निकालने में दिनेश बेनीवाल ने अहम भूमिका निभाई थी।

### राजस्थान पुलिस का इनामी भी दबोचा था

स्पेशल स्टाफ इंस्पेक्टर दिनेश बेनीवाल की टीम ने गत वर्ष के अक्टूबर माह में राजस्थान पुलिस के 25 हजार के इनामी बदमाश जोगिन्द्र उर्फ जोगा को भी सलाखों के पीछे पहुंचाया था। वह पांचाल जोगा गैंग का मुखिया था। उसके पास से एक देशी पिस्टल व दो कारतूस भी बरामद हुये थे। आरोपी राजस्थान और हरियाणा में लूट और डकैती के कई मामलों में वांछित था। पुलिस रिकॉर्ड में वह 2019 से फरार था। हरियाणा पुलिस के साथ-साथ राजस्थान पुलिस भी उसका पीछा कर रही थी। छह अक्टूबर को इसके जहांगीरपुरी इलाके में किसी वारदात को अंजाम देने के इरादे से घूमने की सूचना इंस्पेक्टर दिनेश की टीम को मिली थी। पुलिस ने एक ट्रैप लगाया और उसे दबोच लिया। जोगिंदर उर्फ जोगा (54) गांव-खेड़ा अटाना, थाना बड़ौत, जिला-बागपत (यूपी) का रहने वाला था। इस गिरफ्तारी के संबंध मौर्य एंक्लेव थाने में केस दर्ज किया गया था। जोगिंदर पर हत्या, मकोका, हत्या का प्रयास और डकैती के साथ आर्म्स एक्ट के भी करीब 38 मामले दर्ज थे।

## पंजाबी बागः तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से मां-बेटे की मौत

**नई दिल्ली।** पंजाबी बाग इलाके में सोमवार रात सड़क हादसे में महिला और उसके दो साल के बेटे की मौत हो गई। वहीं एक दूसरा बेटा बाल बाल बच गया। हादसा तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से हुआ। बताया गया कि बाइक ने पहले एक दूसरी मोटरइसाइकिल को टक्कर मारी थी। इसके बाद सड़क पार कर रहे परिवार को चपेट में ले लिया। हादसे के बाद आरोपी बाइक चालक मौके से भाग निकला, लेकिन घटनास्थल पर बाइक की नंबर प्लेट गिर गई। पुलिस बाइक के नंबर के जरिए आरोपी चालक तक पहुंचने की कोशिश कर रही है। मृतकों के नाम मादीपुर निवासी सीमा (32) व दक्ष (2) है। पुलिस के अनुसार हादसे में पहले प्रशांत श्रीवास्तव (32) की बाइक को टक्कर मारी गई थी। उसने बताया कि वह नांगलोई क्षेत्र में रहता है। पटेल नगर में अकाउंटस का काम करता है। सोमवार शाम वह ऑफिस से घर जाने के लिए बाइक से निकला। शाम करीब साढ़े छह बजे जब वह मादीपुर मेट्रो स्टेशन के नजदीक पहुंचा तो उसकी बाइक को पीछे से एक दूसरी बाइक ने जोरदार टक्कर मारी। वह सड़क पर दूर जाकर गिरा। तभी उसने देखा कि एक महिला अपने दो बच्चों के साथ रोहतक रोड को मादीपुर की तरफ से दूसरी तरफ जाने के लिए क्रॉस कर रही थी, तभी उसी बाइक ने महिला को भी टक्कर मार दी। महिला और उसकी गोद में मौजूद बच्चा सड़क पर गिर गए। महिला का बड़ा बेटा इस हादसे में बाल बाल बच गया। घायल होने के बाद भी प्रशांत ने आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वह बाइक लेकर फरार हो गया। इस दौरान मौके पर उसकी बाइक की नंबर प्लेट गिर गई थी। इसके बाद उसने पब्लिक की मदद से महिला और उसके बेटे को अचेत हालत में महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

## सोनिया विहार में बाइक सवार की टेंपो की टक्कर से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

सोनिया विहार इलाके में टैंपो की टक्कर से बाइक सवार एक शख्स की मौत हो गई। मृतक का नाम अशफाक बताया गया है। हादसे में तीन युवक और घायल हुये हैं। इनके नाम तालीम, सिराज और फैजल है। पुलिस के अनुसार टैंपो के मुड़ते समय एक ही बाइक पर सवार चार युवक उससे टकरा गये। किसी ने भी हेलमेट नहीं पहना था। पुलिस ने टैंपो और बाइक को कब्जे में लेकर टैंपो चालक मिलन गार्डन सभापुर निवासी विकास को अरेस्ट कर लिया है। मृतक अशफाक परिवार के साथ के ब्लॉक न्यू सीलमपुर में रहता था। हादसा रविवार रात करीब 11 बजे हुआ। हादसे के समय बाइक सवार नानकसर, सोनिया विहार की तरफ जा रहे थे।

### कैदियों से परिजनों, वकीलों की मुलाकात की संख्या सीमित करने का फैसला रखा बरकरार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को दिल्ली हाईकोर्ट के उस आदेश को बरकरार रखा जिसमें कहा गया था कि कैदियों से उनके परिजनों, दोस्तों तथा कानूनी सलाहकारों की मुलाकात की संख्या को सप्ताह में दो बार सीमित करने का निर्णय बंदियों की संख्या को ध्यान में रखते हुए लिया गया है और इसे 'पूरी तरह से मनमाना' नहीं कहा जा सकता। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने कहा कि वह हाईकोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप करने की इच्छुक नहीं है क्योंकि यह एक नीतिगत निर्णय है। हाईकोर्ट ने पिछले साल 16 फरवरी के अपने आदेश में कहा था कि जेलों में उपलब्ध सुविधाओं, कर्मचारियों की उपलब्धता और विचाराधीन कैदियों की संख्या पर सावधानीपूर्वक विचार करने के बाद यह निर्णय लिया गया है। इसने कहा था कि नीति संबंधी मामलों में, अदालतें अपने निष्कर्ष को सरकार द्वारा निकाले गए निष्कर्ष से प्रतिस्थापित नहीं करती हैं, केवल इसलिए कि एक और दृष्टिकोण संभव है। इसलिए, यह कोर्ट परमादेश की रिट जारी करने वाला कोई भी आदेश पारित करने की इच्छुक नहीं है। हाईकोर्ट का फैसला दिल्ली जेल नियम, 2018 के कुछ प्रावधानों को चुनौती देने वाली एक याचिका का निपटारा करते हुए आया था।

### सीबीआई ने कोर्ट को बताया चश्मदीदों ने जगदीश टाइटलर को भीड़ को उकसाते देखा था

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मंगलवार को दिल्ली की एक अदालत के समक्ष दावा किया कि 1984 के सिख विरोधी दंगों के दौरान चश्मदीदों ने कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर को भीड़ को उकसाते हुए देखा था, जिसके कारण राष्ट्रीय राजधानी के पुल बंगश इलाके में तीन लोगों की हत्या कर दी गयी थी। सीबीआई ने विशेष न्यायाधीश राकेश सयाल के समक्ष यह दावा किया और अदालत से मामले में पूर्व केंद्रीय मंत्री टाइटलर के खिलाफ आरोप तय करने का आग्रह किया। एजेंसी ने अदालत को बताया कि टाइटलर के खिलाफ आरोप तय करने के लिए पर्याप्त सबूत हैं। ऐसे चश्मदीद गवाह हैं जिन्होंने 1984 के दंगों के दौरान उन्हें भीड़ को उकसाते हुए देखा था। टाइटलर के खिलाफ आरोप तय करने पर सीबीआई ने अपनी दलीलें पूरी कर लीं।

## प्रॉपर्टी के जाली दस्तावेज बना ठगी करने वाला धरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

- पांच लाख एडवांस लेकर सात साल पहले हो गया था फरार

क्राइम ब्रांच ने एक शातिर जालसाज को गिरफ्तार किया है। इसका नाम एंग्नेलो मार्क्स (61) बताया गया है। आरोप है कि प्रॉपर्टी के जाली दस्तावेज तैयार कर एक शख्स से पांच लाख रुपये एडवांस लेकर यह फरार हो गया था।आरोपी सात साल से फरार चल रहा था। इसी कारण कोर्ट भी इसे भगौड़ा घोषित कर चुकी थी।

स्पेशल सीपी रविन्द्र यादव के अनुसार शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि उसके परिचित महेश अरोड़ा ने उसे जनता फ्लैट, ग्राउंड फ्लोर, शाहपुर जाट कम दाम में खरीदने का लालच दिया था। बताया गया था कि उसके दो जानकार निशा और एग्नेलो मार्क्स यह प्रॉपर्टी कम कीमत पर बेच रहे हैं। महेश अरोड़ा ने शिकायतकर्ता को दो बिचौलियों हरीश और अनीता से मिलवाया। प्रॉपर्टी की कीमत बाजार मूल्य से काम होने के कारण शिकायतकर्ता ने निशा और एग्नेलो को पांच लाख एडवांस के तौर पर दे दिए। बाद में पीड़ति को पता चला कि यह प्रॉपर्टी किसी अन्य व्यक्ति की है। इसके बाद उसने अपने रुपए वापस मांगे तो उन्हें धमकाया गया। इस बाबत साल 2017 में महरौली थाने में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने तीन आरोपी व्यक्तियों महेश अरोड़ा, अनीता और हरीश को गिरफ्तार कर लिया था लेकिन आरोपी एग्नेलो और उसकी पत्नी निशा मामला दर्ज होने के बाद से फरार थे। इस वजह से कोर्ट ने दोनों आरोपियों को भगौड़ा भी घोषित कर दिया था। क्राइम ब्रांच की टीम को हाल में आरोपी के शंकर विहार, लोनी में आने का इनपुट मिला, जिसके बाद ट्रैप लगा इसे पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपी एग्नेलो मार्क ने खुलासा किया कि उसने प्रॉपर्टी के फर्जी दस्तावेज तैयार कर यह सौदा किया था। आरोपी 7वीं कक्षा तक पढ़ा है। शुरु में इसने मिस्त्री का कार्य किया था। 2000 में वह कांगो, अफ्रीका गया और वहां कुछ दिन रहने के बाद 2004 में भारत लौट आया। यहां कपड़े का व्यवसाय शुरू किया, लेकिन इस धंधे में उसे कोई लाभ नहीं हुआ। आखिर में वह ठगी के रास्ते पर चल निकल पड़ा था।

## द्वारकाः प्रॉपर्टी डीलर के ऑफिस पर फायरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली




द्वारका नॉर्थ थाना में मंगलवार सुबह शिव प्रॉपर्टी डीलर के ऑफिस पर फायरिंग का मामला सामने आया। आरोप बाइक सवार दो लोगों पर है। पुलिस ने अनुसार घटना में कोई घायल नहीं हुआ। केस दर्ज कर आगे की छानबीन की जा रही है। डीसीपी एम हर्षवर्धन के अनुसार मंगलवार सुबह लगभग 11.45 बजे थाना द्वारका नॉर्थ क्षेत्र में शिव प्रॉपर्टी के ऑफिस पर फायरिंग की घटना सामने आई। शिकायतकर्ता ने कहा कि दो व्यक्ति मोटरसाइकिल पर आए और उनमें से एक ऑफिस में घुस गया। उन्होंने रंगदारी की मांग करते हुए पर्ची भी छोड़ी और कुछ राउंड फायरिंग की जो ऑफिस के शीशे पर लगी। घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। हत्या के प्रयास और जबरन वसूली की कोशिश का मामला दर्ज किया गया है। आरोपी व्यक्तियों को पकड़ने के लिए कई टीमें गठित की गई हैं। आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है।

### कमला नगरः गारमेंट्स की शॉप में आग से लाखों का नुकसान

**नई दिल्ली।** कमला नगर मार्केट स्थित एक गारमेंट्स की दुकान में सोमवार की शाम आग लग गई। आग से लाखों का नुकसान हुआ है। दमकल की 10 गाड़ियों ने दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग में किसी के झुलसने की सूचना नहीं है। जानकारी में मुताबिक सोमवार को मार्केट बंद थी। दुकान से आग की लपटें उठता देख लोगों ने इसकी जानकारी दुकानदार व दमकल विभाग को दी। दमकल विभाग के मुताबिक आग की सूचना सोमवार की शाम सात बजे मिली।

## अफगानिस्तान से दिल्ली पहुंची पांच करोड़ की ड्रग्स पकड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली



- स्पेशल सेल की कार्रवाई, मालवीय नगर इलाके से पकड़ा गया ईरानी नागरिक

अफगानिस्तान से ईरान के रास्ते भारत में पहुंची पांच करोड़ कीमत की हेरोइन स्पेशल सेल द्वारा पकड़ी गई है। इस गोरखधंधे में शामिल एक विदेशी नागरिक गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ईरान मूल का है। इसका नाम मोहसिन वाहेदी बताया गया है। इसके पास से एक किलो हेरोइन जब्त हुई है।

डीसीपी आलोक कुमार के अनुसार ड्रग तस्कर के बारे में इनपूट मिलने के बाद उसे मालवीय नगर इलाके से पकड़ा गया। गणतंत्र दिवस समारोह के मद्देनजर आजकल होटलों व गेस्ट हाऊसों में सघन जांच की जा रही है। इस दौरान होटल सनरुफ रेजीडेंसी हौजरानी में रह रहे एक ईरानी नागरिक के रिकॉर्ड को चैक करने पर उसकी गतिविधियों पर संदेह हुआ। जिसके बाद उसकी सामान की तलाशी लेने पर ड्रग्स मिली। बाद में आरोपी ने बताया कि वह एनसीआर में ड्रग सप्लाई करता है। वह एक इंटरनेशनल गैंग का मेंबर है। उसने बताया कि बरामद हेरोइन अफगानिस्तान से ईरान के रास्ते भारत में लाई गई थी। पुलिस अब इस रैकेट में शामिल अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

## दिल्ली देहात के स्वतंत्रता सेनानियों के नाम से हो सड़कों का नामकरण : पालम 360 खाप

# नजफगढ़ में अमर शहीद राजा नाहर प्रेरणा स्थल के निर्माण का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली



1857 की क्रांति में शहीद हुए राजा नाहर सिंह के बलिदान दिवस पर नज़फगढ ढांसा स्टैंड मेट्रो स्टेशन पर नाहरगढ उत्थान संघ के तत्वाधान में हवन व श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें सैंकड़ों क्षेत्रवासियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पालम 360 खाप के प्रधान सुरेंद्र सोलंकी ने की। सभी ने मिलकर राजा नाहर सिंह के बलिदान दिवस पर ढांसा स्टैंड पर स्थित पार्क को अमर शहीद राजा नाहर प्रेरणा स्थल के रूप में विकसित करने का सकंल्प लिया।

सोलंकी ने कहा राजा नाहर सिंह के बलिदान को नहीं भुलाया जा सकता जल्द से जल्द राजा नाहर सिंह कि मूर्ति यहां पर लगेगी। दिल्ली देहात के लोगों ने मुगलों के खिलाफ लड़ाई लड़ी अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी काफी लोग हमारे शहीद हुए दुर्भाग्य से जिनको भुला दिया गया हम सरकार से मांग करते है कि मुगलों के नाम से जितनी भी सड़कें है उनका नाम बदलकर हमारे महान स्वतंत्रता सेनानियों सामाजिक नेताओं के नाम पर रखा जाये। नाहरगढ़ उत्थान संघ के अध्यक्ष अनिल डागर ने कहा कि नजफगढ़ का नाम अमर शहीद राजा नाहर सिंह के नाम पर बदलकर नाहरगढ़ करने की हमारी बहुत पुरानी मांग है। स्थानीय पार्षद अमित खरखड़ी ने कहा कि राजा नाहर सिंह व उनके सेनापतियों के बलिदान को हरसंभव सम्मान दिलाने के लिए जो भी करना पड़े वो पीछे नहीं हटेंगे व इस स्थान को अमर शहीद राजा नाहर सिंह प्रेरणा स्थल के रूप में विकसित करने के लिए हर तरीके से सहयोग करेंगे। पूर्व मेयर व निगम पार्षद कमलजीत सहरावत ने कहा कि समाज की इस लड़ाई में वो पूर्ण रूप से साथ है और हरसंभव सहयोग करने के लिए तैयार है।

### राजा नाहर सिंह अपने युद्ध कौशल और वीरता के लिए सदा याद रहेंगे : गोयल

**नई दिल्ली।** प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीद राजा नाहर सिंह अपने युद्ध कौशल और वीरता के लिए सदा याद रहेंगे। यह बात मंगलवार को दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल ने विधानसभा में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में कही। सबसे पहले अध्यक्ष रामनिवास गोयल ने मंगलवार को राजा नाहर सिंह के बलिदान दिवस पर विधानसभा में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल ने कहा कि राजा नाहर सिंह देश के सच्चे सपूत थे। उन्होंने प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में हिस्सा लिया और जहां एक और देश के कई राजा अंग्रेजों के साथ हो गए थे वहीं राजा नाहर सिंह देश की स्वतंत्रता के लिए अंग्रेजों के विरुद्ध जीवन भर लड़ते रहे और देश की स्वतंत्रता के लिए उन्होंने अपने प्राण न्योछावर कर दिए।



गोयल ने कहा कि राजा नाहर सिंह एक सक्षम और धर्मनिरपेक्ष शासक थे जिन्होंने सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा दिया। राजा नाहर सिंह ने अपनी रियासत बल्लभगढ़ को बचाने के लिए अंग्रेजों से कई बार युद्ध किया। हमें ऐसे वीर स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को कभी नहीं भूलना चाहिए। उन्होंने उपस्थित जाट नेताओं से अपील की कि वह राजा नाहर सिंह के दिखाए हुए कदमों पर चलें और देश की एकता अखंडता को बनाए रखने के लिए अपना पूरा योगदान दें। इस अवसर पर दिल्ली विधानसभा के सचिव राजकुमार, उपसचिव तथा अधिकारी के साथ-साथ कई जाट नेता भी उपस्थित थे।



## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसआईआईडीसी | आईएमटी रोहतक में सेक्टर-33-बी फेज-II में न्यूली कार्व्ड आउट पॉकेट्स में अवसंरचना सुविधाओं का विकास। | 10.01.2024 31.01.2024 | 1879.07 लाख | https://etenders.hry.nic.in | -9468254098 (ia.rohtak@hsiidc.org.in) |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/24034/I/88/7 दि. 09.01.24

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी जीन्द | सब यार्ड धनौरी एमसी नरवाना, जिला जीन्द में जीवी शीट्स सहित मौजूदा सीजीआई शीट का प्रावधान व बदलना तथा नये कवर्ड शैड (7 बेज 24 मीटर स्पैन) का निर्माण (सीएम घोषणा कोड 27459, दि. 23.04.2023) + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 18.01.2024 | 1.19 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 01681-252003 eejind37.hsamb@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/24048/I/88/7 दि. 09.01.24

## गांवों में बनेगी नई सड़कें : ग्राम विकास बोर्ड ने 250 करोड़ की परियोजनाओं को दी मंजूरी

# 2023-24 में ग्राम विकास बोर्ड ने अब तक एक हजार करोड़ से ज्यादा की विभिन्न परियोजनाओं को दी मंजूरी : राय

हरिभूमि न्यूज ⏩नई दिल्ली

दिल्ली के गांवों में अब नई सड़कें बनेगी। इसके लिए मंगलवार को दिल्ली ग्राम विकास बोर्ड ने मंगलवार को 250 करोड़ रुपए की नई सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इस बात की जानकारी बैठक के बाद दिल्ली के विकास मंत्री गोपाल राय ने प्रैसवार्ता में दी। राय ने कहा कि दिल्ली के गावों में सड़क बनाने पर बल दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गांवों में नई सड़कों का बनाने की परियोजनाओं तय समय सीमा में पूरा करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

गौरतलब है कि मंगलवार को दिल्ली के विकास मंत्री गोपाल राय ने ग्राम विकास बोर्ड की पहले से चल रही परियोजनाओं की समीक्षा के लिए सचिवालय में ग्राम विकास



बोर्ड की एक बैठक की। इस बैठक में उन्होंने गांव के विकास के लिए जारी परियोजनाओं की समीक्षा की। बैठक में सदस्यों ने लंबित और नए प्रस्तावों का मामला उठाया। बैठक में दिल्ली के सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री सौरभ भारद्वाज, सम्बंधित विधायक एवं ग्राम विकास बोर्ड, एमसीडी और सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मंत्री गोपाल राय ने बताया कि गावों के विकास परियोजनाओं के वीकली मॉनिटरिंग के लिए के एक टास्क फोर्स का गठन किया गया है। जिसमें ग्राम विकास बोर्ड, एमसीडी और सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के अधिकारी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि गांवों में किए जा रहे विकास कार्य में गांवों के अंदर सड़क, नाली, जल निकाय, सामुदायिक केंद्र, पार्क, श्मशान, खेल मैदान समेत अन्य शामिल हैं। विकास मंत्री गोपाल राय ने बताया कि दिल्ली के गांवों के विकास के लिए चालू वित्त वर्ष 2023-2024 में अब तक लगभग एक हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। जिसके तहत दिल्ली के सभी गांवों में बेहतर सुख सुविधाएं उपलब्ध कराने का कार्य किया जाएगा। पिछले बैठक तक 2023 -2024 में लगभग 759 करोड़ रुपए की 564 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई थी। इसके तहत दिल्ली के 194 गांवों में विकास कार्य किए जा रहे हैं। इसके साथ ही बैठक के दौरान सभी विभाग के अधिकारियों को ग्राम विकास से जुड़ी परियोजना की फाइलों को समय सीमा के भीतर काम पूरा करने के निर्देश दिए गए है। मंत्री गोपाल राय ने बताया कि दिल्ली के गांवों से संबंधित विकास कार्य में तेजी लाने के लिए दिल्ली सचिवालय में स्पेशल कैंप लगाया गया। इस स्पेशल कैंप के दौरान सभी संबंधित विभाग जैसे विकास विभाग, दिल्ली ग्राम विकास बोर्ड, एमसीडी, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग तथा अन्य विभागों के अधिकारियों ने मौके पर ही दिल्ली के गांवों के विकास कार्यो से सम्बंधित परियोजनाओं और लंबित प्रस्तावों के निपटान या अनुमोदन का कार्य किया। राय ने बताया कि आज इस स्पेशल कैंप के माध्यम से सभी विधायकों और अधिकारियों की मौजूदगी में दिल्ली के गांवों के विकास कार्य की लंबित प्रस्तावों पर त्वरित गति से कार्य हुआ है। साथ ही यदि किसी को अपनी विधानसभा से सम्बंधित फाइलों में कोई भी संदेह या संशय है तो उसका भी भी तुरंत निवारण किया गया है। इस स्पेशल कैंप में प्रत्येक काउंटर पर क्षेत्र के आधार पर संबंधित विभाग के अधिकारियों और एजेंसियों द्वारा फाइलों का निपटारा किया गया है ।

### 'आप' पांच राज्यों में कांग्रेस के साथ चुनावी गठबंधन के लिए तैयार : राय

आम आदमी पार्टी ने पंजाब समेत पांच राज्यों में कांग्रेस के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ने पर अपना रुख बरकरार रखा है और उसने कहा कि अब तक की चर्चा सकारात्मक रही है। आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आप और कांग्रेस विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' का हिस्सा है और उन्होंने आगामी लोकसभा चुनावों के लिए सीट बंटवारे पर सोमवार को चर्चा की। राय ने पत्रकारों का सवाल देते हुए कहा कि दोनों पार्टियों के बीच सीट बंटवारे पर बातचीत शुरू हो गई है। हमने दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, गोवा और गुजरात में गठबंधन में चुनाव लड़ने पर अपना रुख बरकरार रखा है। अब तक सकारात्मक चर्चा हुई है। यह पूछे जाने पर कि पार्टी किन-किन सीट पर चुनाव लड़ना चाहती है, आप नेता ने कहा कि इन राज्यों में किसी विशेष सीट को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई। दिल्ली और पंजाब में आप सत्ता में है। कांग्रेस की दोनों राज्यों की इकाइयां आप के साथ किसी भी तरह के समझौते के विरोध में हैं। पंजाब में कांग्रेस और आप के बीच गठबंधन में चुनाव लड़ने को लेकर खुलेआम बयानबाजी हो रही है। राय ने कहा कि हम गठबंधन में चुनाव लड़ना चाहते हैं।

## उपराज्यपाल ने 398 चयनित कर्मियों को बांटे नियुक्ति पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏩नई दिल्ली



उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने मंगलवार को विज्ञान भवन में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान दिल्ली सरकार व दिल्ली नगर निगम के विभिन्न विभागों के अलग-अलग श्रेणी में 398 योग्य उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इनमें अनुकंपा के आधार सहित अन्य शामिल है। इस अवसर पर एलजी सक्सेना के अलावा दिल्ली के मुख्य सचिव नरेश कुमार सहित अन्य आला अधिकारी मौजूद थे। अपने संक्षिप्त संबोधन में एलजी ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले सभी उम्मीदवारों को बधाई दी और बेहतर भविष्य के लिए कामना की। एलजी ने नवनियुक्त उम्मीदवारों को संदेश देते हुए आह्वान किया है कि सभी पूरी लगन, ईमानदारी और मेहनत से कार्य करें। नौकरी का मतलब आम जन मानस की सेवा करना है। उन्होंने कहा कि आज 398 योग्य उम्मीदवारों को जो दिल्ली सरकार और नगर निगम में स्थायी सरकारी सेवा करेंगे, उनको नौकरी के नियुक्ति पत्र सौंपते हुए बड़ी खुशी महसूस हो रही है। इन नई नियुक्तियों के साथ सरकार द्वारा गत डेढ़ वर्ष के दौरान लगभग 22 हजार लोगों को स्थाई नौकरी प्रदान की गई है। सक्सेना ने कहा कि सरकार अगले एक साल में करीब 22 हजार नई नियुक्तियां करने की दिशा में कार्य कर रही है।

### नए हिट एंड रन कानून पर ट्रांसपोर्टरों से किए वादे पर पत्र जारी, संगठनों ने किया धन्यवाद

**नई दिल्ली।** नए हिट एंड रन कानून को लेकर केंद्र सरकार ने लिखित में पत्र जारी कर ट्रांसपोर्टरों को भरोसा दिया है कि उक्त कानून को लागू करने से पहले सभी से चर्चा होगी। केंद्र सरकार द्वारा लिखित भरोसा देने का ट्रांसपोर्टरों ने स्वागत किया है। ट्रांसपोर्टरों के संगठन ऑल इंडिया मोटर एवं गुड्स ट्रांसपोर्ट ने सरकार के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि समझौते पत्र को खुद गृह मंत्रालय ने जारी किया है। संगठन के अध्यक्ष राजेंद्र कपूर ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता 2023 में हिट एंड रन' केस में ड्राइवर के खिलाफ सख्त कानून और मोटे जुर्माने का जबरदस्त विरोध होने के बाद गत दिनों ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस और केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला की बैठक हुई थी।

## खबर संक्षेप

### श्री राम हनुमान के झंडों से भरने लगे बाजार व्यापारी संगठन आज से शुरू करेगा अभियान



**नई दिल्ली।** अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को भगवान श्रीराम की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर दिल्ली भी तेजी से राममय होती नजर आ रही है। बाजारों में भगवान श्री राम व उनके भक्त हनुमान जी के झंडे की धूम मची है। पूजा पाठ का समान बेचने वालों से लेकर स्टेशनरी, कपड़े की दुकान, परचून की दुकान व फूल माला बेचने वाले की दुकानों पर छोटे से लेकर बड़े-बड़े झंडे बिकने के लिए लहरा रहे है। छह इंच से लेकर 5 फुट लंबाई वाले झंडो की भरमार बता रही है कि जैसे जैसे 22 जनवरी 2024 प्राण प्रतिष्ठा दिन नजदीक आ रहा है वैसे-वैसे दिल्ली भी राम मय होती जा रही है। बाजारों के अलावा निजी धार्मिक संगठनों, मोहल्ला सुधार समितियां, छोटे बड़े बाजारों के संगठन, मंदिरों आदि की तरफ से निशुल्कः झंडे बांटने की भी तैयारियां देखी जा रही है। अलग-अलग जगहों पर धार्मिक व सामाजिक संगठन गली मोहल्लों में घर घर जाकर लोगों अयोध्या से आए अक्षत बांट रहे है। लोगों को घरों पर लगाने के लिए झंडे व वाहनों पर चिपकाने के लिए श्री राम के स्टीकर निशुल्क बांट रहे है। वहीं व्यापारियों के बड़े संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने घोषणा की है कि बुधवार से बाजारों में 'श्री राम संवाद' विशेष अभियान शुरू कर रहा है। यह अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी 2024 तक चलेगा। संगठन के दिल्ली अध्यक्ष विपिन आहूजा ने बताया कि इस अभियान में व्यापारी, सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षिक और सेवा से जुड़े संगठनों के बीच भगवान श्री राम के जीवन चरित्र को लेकर संवाद होगा।

### आज से शुरू होगा मैराथन निरीक्षण अभियान : डॉ शैली

**नई दिल्ली।** कुछ दिनों पहले हमने 'अब दिल्ली होगी साफ' अभियान की घोषणा की थी और इस अभियान को आगे बढ़ाते हुए एक जन जागरण अभियान चलाने की घोषणा की थी। पूरी दिल्ली में एक मैराथन सफाई निरीक्षण अभियान के रूप में इसकी शुरुआत होगी। हम इसकी शुरुआत आज से कर रहे हैं। यह अभियान आज से लेकर मार्च के पहले हफ्ते तक चलेगा। दिल्ली नगर निगम की महापौर डॉ. शैली ओबरॉय ने मंगलवार को निगम मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए यह बातें कही। महापौर ने बताया कि मार्च के पहले हफ्ते तक दिल्ली में पूरी तरह से कूड़े का सफाया हो जाएगा। हम सभी एक-एक गली, एक-एक कूचे में जाकर इस सफाई अभियान को चलाएंगे। उन्होंने बताया कि इस मैराथन निरीक्षण के दौरान हम सभी मिलकर, सभी विधायक, निगम पार्षद, उपमहापौर, नेता सदन और मैं स्वयं प्रत्येक विधानसभा और प्रत्येक वार्ड में ग्राउंड जीरो पर जाकर गार्बेज वल्नरेबल प्वाइंट्स (जीवीपी) का निरीक्षण करेंगे। वहीं दूसरी ओर दिल्ली नगर निगम की महापौर डॉ. शैली ओबरॉय ने मंगलवार को द्वारका में दिल्ली नगर निगम द्वारा विकसित पहले पालतू पशु शवदाह गृह का निरीक्षण किया। पालतू पशु शवदाह गृह में सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए डॉ. ओबरॉय ने कहा कि शवदाह गृह अपनी हरित तकनीक के साथ पर्यावरण-अनुकूल पशु दाह संस्कार सेवाएं प्रदान कर रहा है।

### दिल्ली की सफाई व्यवस्था बुरी तरह से चरमराई : इकबाल

आम आदमी पार्टी दिल्ली की जनता से 1 जनवरी 2024 तक कूड़े के पहाड़ों को खत्म करने के वादे के साथ निगम की सत्ता पर काबिज हुई थी। किंतु आज उस 1 तारीख को बीते कई दिन हो गए हैं लेकिन दिल्ली की सफाई व्यवस्था बुरी तरह से चरमरा गई है और लैंडफिल साइटों पर कूड़ा बढ़ गया है। दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष एवं पूर्व महापौर राजा इकबाल सिंह ने दिल्ली की चरमराई सफाई व्यवस्था को लेकर दिल्ली नगर निगम की आप सरकार पर निशाना साधते हुए उक्त बातें कही।

### केजरीवाल ने सरकारी बंगले की मरम्मत पर ही खर्च कर दिए 29 करोड़ : बिधूड़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने मंगलवार को कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के सरकारी खजाने को लूटने की सारी हदें पार कर दी हैं। उन्होंने अपने सरकारी निवास पर 2015 से 2022 के बीच सिविल कार्य पर ही 29 करोड़ 56 लाख रुपए खर्च कर डाले। इससे पता चलता है कि यह आम आदमी कितने खास हैं।

### सार्वजनिक धन का दुरुपयोग केजरीवाल सरकार का बन गया पर्याय : सचदेवा

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री आवास में मामूली मरम्मत, नवीकरण, प्लंबिंग कार्यों की आड़ में भ्रष्टाचार और सार्वजनिक धन का दुरुपयोग अरविंद केजरीवाल सरकार का पर्याय बन गया है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने मंगलवार को कहा है कि एक आर.टी.आई. खुलासे से यह जानकर हैरानी हुई है कि 2015 से 2022 के बीच 8 वर्षों में सीएम केजरीवाल के आवास में छोटे-मोटे सिविल वर्क, सेनेटरी, प्लंबिंग, बढ़ईगीरी आदि के काम पर प्रति वर्ष औसतन करीब 8.5 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं।

### अपनी मांगों को लेकर आज धरना प्रदर्शन करने वाले सफाई कर्मियों को हमारा पूरा समर्थन : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** अपनी मांगों को लेकर आज निगम मुख्यालय सिविक सेंटर पर सफाई कर्मियों के लिए धरना प्रदर्शन करने वाले विभिन्न सफाई कर्मियों के संगठनों, यूनियनों आदि को दिल्ली कांग्रेस की तरफ से पूरा समर्थन दिया जाएगा है। दिल्ली नगर निगम में सदन के पूर्व नेता जितेन्द्र कुमार कोचर ने मंगलवार को सिविक सेंटर में मंगलवार को आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान आम आदमी पार्टी और भाजपा पर निशाना साधते हुए उक्त बातें कहीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली के निर्देश अनुसार दिल्ली कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता इस धरने में भाग लेंगे।




